**संख्या-69 /2022//001-541-24-1-2022-81 पी-2015**

प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कार्यवाहक निदेशक,
विद्युत सुरक्षा निदेशालय,
विभूति खण्डि, गोमतीनगर लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 26 अप्रैल, 2022

विषय:- विद्युत सुरक्षा निदेशालय को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-15/2021/बी-1-829/दस-2021-231/2022, दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 एवं पत्र संख्या-5/2022/बी-1-224/दस-2022-231/2022, दिनांक 29 मार्च, 2022 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-64/2022/465-1-22-81 पी/2015, दिनांक 18 अप्रैल, 2022 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अधिष्ठांन कार्यों के लिए प्राविधानित धनराशि रूपये 28,09,00,000/- (रूपये अठ्ठाईस करोड़ नौ लाख मात्र) में से माह अप्रैल, से माह जुलाई, 2022 तक के लिए धनराशि रूपये 9,35,58,000/- (रूपये नौ करोड़ पैंतीस लाख अठ्ठावन हजार मात्र) संलग्नक के अनुसार वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। उक्त शासनादेश को निरस्त करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के अधिष्ठांन कार्यों के लिए प्राविधानित धनराशि रूपये 28,09,00,000/- (रूपये अठ्ठाईस करोड़ नौ लाख मात्र) में से माह अप्रैल, से माह जुलाई, 2022 तक के लिए धनराशि रूपये 9,35,58,000/- (रूपये नौ करोड़ पैंतीस लाख अठ्ठावन हजार मात्र) संलग्नक के अनुसार व्यय करने हेतु निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

**नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों**

(1) उपरोक्त धनराशि का व्यय शासन द्वारा पूर्व निर्धारित नियमों/आय-व्ययक अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 17.12.2003 में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा तथा क्षेत्रीय/जोनल कार्यालयों के लिए धनराशि का तत्काल आवंटन कर शासन को अवगत कराया जायेगा।

(2) आय-व्ययक को आकस्मिक मदों में व्यय एवं वस्तुओं को क्रय करते समय उ0प्र0 स्टोर परचेज रूल्स तथा शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत मितव्ययता संबंधी आदेशों का पालन विशेष ध्यान रख कर किया जायेगा।

(3) मद संख्या-46 में स्वीकृत धनराशि निदेशालय द्वारा ऊर्जा विभाग का अनुमोदन/अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही व्यय की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **लेखाशीर्ष:** 2045001030300 (विद्युत सुरक्षा निदेशालय ) के नामे डाला जायेगा।

| क्रमांक | अनुदान संख्या | लेखा शीर्षक | मानक मद | प्रस्तावित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 01 वेतन | 5,66,00,000 (रुपये पांच करोड़ छियासठ लाख मात्र) |
| 2 | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 02 मजदूरी | 1,33,000 (रुपये एक लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| 3 | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 03 मंहगाई भत्ता | 2,09,66,000 (रुपये दो करोड़ नौ लाख छियासठ हजार मात्र) |
| *4* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 04 यात्रा व्यय | 8,33,000 (रुपये आठ लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| *5* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 05 स्थानान्तरण यात्रा व्यय | 2,00,000 (रुपये दो लाख मात्र) |
| *6* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 06 अन्य भत्ते | 33,000 (रुपये तैंतीस हजार मात्र) |
| *7* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 07 मानदेय | 33,000 (रुपये तैंतीस हजार मात्र) |
| *8* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 08 कार्यालय व्यय | 8,33,000 (रुपये आठ लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| *9* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 09 विद्युत देय | 8,33,000 (रुपये आठ लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| *10* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 10 जलकर / जल प्रभार | 3,33,000 (रुपये तीन लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| *11* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 11 लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई | 5,00,000 ( रुपये पांच लाख मात्र ) |
| *12* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 12 कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | 8,33,000 (रुपये आठ लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| *13* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 13 टेलीफोन पर व्यय | 5,00,000 (रुपये पांच लाख मात्र) |
| *14* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 15 गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद | 11,66,000 (रुपये ग्यारह लाख छियासठ हजार मात्र) |
| *15* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 16 व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान | 33,000 (रुपये तैंतीस हजार मात्र) |
| *16* | 009 | 2045001030300 विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 17 किराया, उपशुल्क | 13,00,000 (रुपये तेरह लाख मात्र) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | और कर-स्वामिस्व | |
| *17* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 18 प्रकाशन | 33,000<br>(रुपये तैंतीस हजार मात्र) |
| *18* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 26 मशीनें और सज्जा /उपकरण और संयंत्र | 2,33,000<br>(रुपये दो लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| *19* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 44 प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय | 33,000<br>(रुपये तैंतीस हजार मात्र) |
| *20* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 45 अवकाश यात्रा व्यय | 33,000<br>(रुपये तैंतीस हजार मात्र) |
| *21* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर का क्रय | 16,66,000<br>(रुपये सोलह लाख छियासठ हजार मात्र) |
| *22* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 47 कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय | 6,66,000<br>(रुपये छह लाख छियासठ हजार मात्र) |
| *23* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 49 चिकित्सा व्यय | 6,66,000<br>(रुपये छह लाख छियासठ हजार मात्र) |
| *24* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 51 वर्दी व्यय | 33,000<br>(रुपये तैंतीस हजार मात्र) |
| *25* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 55 मकान किराया भत्ता | 37,33,000<br>(रुपये सैंतीस लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| *26* | 009 | 2045001030300<br>विद्युत सुरक्षा निदेशालय | 58 आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान | 13,33,000<br>(रुपये तेरह लाख तैंतीस हजार मात्र) |
| | **कुल** | | | **9,35,58,000/-**<br>**(रुपये नौ करोड़ पैंतीस लाख अट्ठावन हजार मात्र)** |
| **महायोग** | 9,35,58,000/-<br>(रुपये नौ करोड़ पैंतीस लाख अट्ठावन हजार मात्र) | | | |

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक ) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-15/2021/बी-1-829/दस-2021-231/2022, दिनांक- 30 दिसंबर, 2021 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या: 5/2022/बी-1-224/दस-2022-231/2022 दिनांक- 29 मार्च 2022 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।

**<u>संख्या-69/2022/001-541-24-1-2022-81 पी-2015, तद् दिनांक।</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज 211001।

2- महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज।

3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्वष लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर- एच, अलीगंज लखनऊ।

4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 ।

6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।